उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ-226007

पत्रांक 14084/यू.पी.रेरा/प्रशा.प्रको. /2023-24 दिनांकः 20 /11/2023

कार्यालय ज्ञाप

उ.प्र. भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण के पोर्टल पर पंजीकृत प्रोमोटर्स की सूची में उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद प्रोमोटर के रूप में दो बार अलग वर्तनी (Spelling) से निम्नवत पंजीकृत है -

1. U.P. Awas Evam Vikas Parishad
2. UP Avas Evam Vikas Parishad

उपरोक्त के क्रम में उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त क्रमांक-1 पर उल्लिखित परिषद का नाम वास्तविक एवं सही है तथा क्रमांक-2 पर अंकित प्रोमोटर को उ.प्र. रेरा पोर्टल पर पंजीकृत प्रोमोटर्स की सूची से डिलीट किए जाने का अनुरोध किया गया है। डिलीट किए जाने वाले प्रोमोटर के सापेक्ष उ.प्र. रेरा पोर्टल पर कुल 13 शिकायतें पंजीकृत हैं तथा यह परिषद के द्वारा रेरा में पंजीकृत करायी गई कुल 23 परियोजनाओं में अन्य-प्रोमोटर के रूप में भी शामिल है।

अतः उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद के अनुरोध के क्रम में क्रमांक-2 पर अंकित प्रोमोटर UP Avas Evam Vikas Parishad को उ.प्र. रेरा पोर्टल पर पंजीकृत प्रोमोटर्स की सूची से डिलीट करते हुए इसके सापेक्ष रेरा में पंजीकृत कुल 13 शिकायतों को प्रोमोटर U.P. Awas Evam Vikas Parishad पर हस्तांतरित किया जाता है।

(प्रमोद कुमार उपाध्याय)
सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपी – निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ कृपया।

1. मा. अध्यक्ष, उ.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण।
2. प्रमुख सचिव, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
3. श्री अमरीश कुमार, सहायक निदेशक (सिस्टम्स), उ.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण को इस आशय से प्रेषित कि प्राधिकरण के पोर्टल पर जनमानस की जानकारी हेतु अपलोड करें।

(प्रमोद कुमार उपाध्याय)
सचिव